## एक नजर

### खलारी में भट्ठी जतरा में नगाड़े की थाप पर हुआ झूमर



**खलारी।** खलारी बाजारटांड़ स्थित पेट्रोल गोदाम में भट्ठी जतरा का आयोजन किया गया। पाहन के द्वारा जतरा खूंटा में पूजा कर जतरा की शुरूआत की गई। इस मौके पर हुटाप पंचायत के सभी गांव के लोग ढोल नगाड़ा के साथ झूमर नृत्य का प्रदर्शन किए। वही जतरा में श्रृंगार प्रसाधन, खिलौने, पारंपरिक मिठाई की दुकानें लगी हुई थी। ग्रामीण ने अपने जरूरत के सामान खरीदे। इस जतरा में मुख्य रूप से धोधा गंझू, बाबूलाल गंझू, ललकू गंझू, मयूर गंझू, मनोज गंझू, बुल्ला गंझू, कजरा गंझू, रमना गंझू, गोविंद भोगता, बबलू गंझू, सोनू उरांव, सुशील उरांव, विजय गंझू उपस्थित थे।

### केडी हिंदूगढ़ी चौक में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**खलारी।** खलारी के केडी हिंदूगढ़ी चौक में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने की। विधायक समरीलाल ने भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर कार्यालय का उद्घाटन किया। समरीलाल ने कहा कि कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा के प्रत्याशी डा जीतूचरण राम के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। कहा कि कांके विधानसभा क्षेत्र की जनता ने विगत 35 सालों से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाकर सेवा करने का सौभाग्य प्रदान किया है। क्षेत्र की जनता इस बार भी रिकार्ड मत से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाएगी। इस अवसर पर शशिभूषण भगत, नसीब लाल, रामकुमार दूबे, प्रीतम साहू, जिप सदस्य सरस्वती देवी, किरण देवी, ममता देवी, सरोजिनी देवी, रामसूरत यादव, घ्यामसुन्दर सिंह, कार्तिक पांडेय, विकास दुबे, भरत रजक, शैलेन्द्र शर्मा, मुकेश सिंह, रवीन्द्र मुंडा, संतोष दुबे, प्रदीपकुमार सिंह, गणेशप्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।

### खलारी में कल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**खलारी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सोमवार 4 नवंबर को खलारी में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने बताया कि सभा एसीसी क्लब मैदान खलारी में पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। उन्होंने क्षेत्र की अधिक से अधिक लोगों को इस सभा में शामिल होने की अपील की है।

### नामकुम में इलाज कराने आये युवक से मारपीट कर चेन छीनी

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी राजीव रंजन ने हनुमान नगर बूटी मोड़ के रहनेवाले धीरज कुमार सिंह, गाड़ी होटवार के नीरज कुमार सिंह और आदर्श नगर के रविशंकर पासवान के खिलाफ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने मारपीट के दौरान मोबाइल तोड़ने, सोने की चेन छीनने और रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

---

लापुंग के सेमला में ऐतिहासिक सोहराई जतरा का हुआ उद्घाटन

# गांवों में ही दिखती है आदिवासियों और मूलवासियों की साझी संस्कृति : रूपेश



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के ऐतिहासिक सेमला सोहराई जतरा के दौरान शनिवार को देर शाम में आदिवासियों और मूलवासियों की साझी संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम देखा गया। सोहराई जतरा आयोजन समिति सेमला के तत्वावधान में आयोजित जतरा के दौरान खोड़हा नृत्य दलों ने जहां अद्भुत समां बांधी वहीं पारंपरिक रूप से नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी रूपेश कुमार पाठक एवं समाजसेवी सुमन साहु, कार्तिक उरांव सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर समाजसेवी रुपेश कुमार पाठक ने कहा कि झारखंड की असली संस्कृति और परंपरा गांवों में ही दिखती है। उन्होंने कहा कि सेमला गांव सहित संपूर्ण ककरिया पंचायत में आदिवासियों एवं मूलवासियों की साझी संस्कृति और परंपरा हजारों साल पुरानी है। यहां बिना भेदभाव के लोग मिल-जुलकर एक दूसरे के सुख और दुख में भूमिका निभाते हैं। वहीं सुमन साहु ने कहा कि परंपरा और संस्कृति को बचाते हुए हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार के साथ अच्छी शिक्षा देना जरूरी है। इस मौके पर गांव के पाहन वीर मुंडा, पुजार बिरसा उरांव, भंडारी महादेव मुंडा, वार्ड सदस्य पिंटु सिंह, कार्यसमिति के सदस्य कार्तिक उरांव, सोनू मिंज, गगन साहु, मंटु सिंह, रामकिशोर सिंह, नदवा उरांव, तेंबा उरांव, मंगा मुंडा, मंगरा उरांव, धनेश्वर सिंह, शिव कुमार सिंह, विरेंद्र उरांव, संदीप उरांव, जोगेश उरांव, प्रकाश खलखो, जलेश्वर उरांव, शशी उरांव सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उधर इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के

---

महुआ माजी के पक्ष में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक

# चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के आदेश डॉ कुमार राजा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में महागठबंधन की प्रत्याशी डॉ महुआ माझी की मौजूदगी में महानगर कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस के सभी प्रखंड अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में रांची विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने हेतु पार्टी के सभी प्रकोष्ठों की क्या भूमिका हो इसपर रणनीति तय की गई। विभिन्न वार्डों में कैसे बूथ स्तरीय सम्मेलन हो इसपर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर मजबूत हैं और पूरे दमखम के साथ पूरी निष्ठा से गठबंधन धर्म का पालन करते हुए मैदान में जीत का बिगुल बजाने के लिय उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी पहले से ही चुनावी तैयारी में लग चुकी थी। चाहे गठबंधन के जो भी प्रत्याशी होते निश्चित रूप से ये रांची विधानसभा सीट महागठबंधन के खेमे में जाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है। महुआ माझी ने कहा कि निरंतर वह राजधानी में जन कल्याणकारी कार्य करते आ रही हैं। आज जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यों में उत्साह और समर्थन का भाव दिख रहा है उससे ये प्रतीत होता है कि इस बार महागठबंधन रांची सीट पर भी मतों से जीतेगा। उन्होंने आगामी तीन तारीख शाम 6 बजे होने राजधानी के विभिन्न स्थानों पर रोड शो और सभा की भी जानकारी दी। इसमें कल्पना सोरेन उपस्थित रहेंगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव सिंह, महासचिव विक्की ठाकुर, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नीतू पासवान और सभी प्रखंड अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### श्रीश्याम मंदिर में 131 वें श्याम भंडारे का आयोजन



रांची। श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 131 वां श्रीश्याम भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नमक अजवायन की पुड़ी, केशरिया जलेबी, पुलाव,आलू- चना दाल की झोलदार सब्जी का भोग बनाया गया था। संस्कृति विहार के प्रवर्तक स्व. सीताराम मारु, स्व. गीता देवी मारु के सुपुत्र विजय मारु, पूर्व सांसद अजय मारू ने अपने परिजनों के साथ खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, श्री शालीग्राम जी, लड्डूगोपाल जी, गरुड़ जी, राम दरबार ,व गुरुजनों को भण्डारे का भोग अर्पित कर विश्व शांति की प्रार्थना की। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी... रुच- रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी.... का गायन किया गया। मारु परिवार के 25 से ज्यादा परिजनों ने देवी-देवताओं के चोखट पर मत्था टेककर भोग स्वीकार करने की प्रार्थना की। भोग लगे प्रसाद को वृहद भंडारे के प्रसाद में मिश्रित करके महाप्रसाद बनाकर सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाया गया। भण्डारे का समय होते होते मंदिर परिसर भक्तो से अट गया। हरमू रोड़ में भक्तों की लम्बी- लम्बी कतारें लग गयी। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के देख रेख में भण्डारे का प्रसाद निर्मित किया गया। टाफी का वितरण अलग से किया जा रहा था।

### कालीनगर में मां काली की हुई पूजा, संजय सेठ हुए शामिल



नामकुम। श्री श्री 108 कालीपूजा समिति कालीनगर की ओर से काली पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। इस मौके पर राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मनोज सिंह,हिन्दू क्रांति संघ केंद्रीय अध्यक्ष मोहन ठाकर, संरक्षक आनंद मोहन ठाकुर, अरविन्द झा, अध्यक्ष कर्नल भगवान दास यादव, सचिव दुर्गा शंकर झा, कोषाअध्यक्ष पशूप्ति झा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि मां काली की पूजा अर्चना करने से आत्मा शांति व कल्याण कार्य होता है। इस मौके पर मोहन आनंद ठाकुर ने बताया कि कालीनगर में मां काली मंदिर की स्थापना वर्ष 2001 से करते आ रहे हैं। जिसके बाद से मंदिर परिसर में लगातार दुर्गा शंकर झा व कमेटी के सदस्य द्वारा निरंतर करती आ रही है। इस मौके पर मुकेश झा, प्रकाश कुमार, अमित कुमार, विनय झा बंटी कुमार, पप्पू कुमार, शिवम कुमार, सौरभ कुमार, रोशन कुमार, सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### झामुमो रांची जिला ने हटिया और खिजरी प्रत्याशियों संग की बैठक



रांची। झामुमो रांची जिला समिति की बैठक वाटिका तुपुदाना में हुई। बैठक में हटिया और खिजरी विधानसभा के लिए इंडिया गठबंधन की बैठक झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे हटिया विधानसभा से गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शहदेव और खिजरी विधानसभा के प्रत्याशी राजेश कच्छप जी शामिल हुए।बैठक मे गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने के लिए रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी से सुझाव लिए गए। प्रत्याशियों ने भी सभी को संबोधित करते हुए समर्थन की अपील के साथ फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनाने की बातें कहीं। जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम कहा किप्रत्याशी और पार्टी हम सभी कार्यकर्ताओं का एक मात्र उद्देश्य है कि हेमंत सोरेन को दोबारा मुख्यमंत्री बनाना और इसी दिशा मे हमे गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताना है। बैठक में झामुमो के केन्द्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, बीरू साहू, कलाम आजाद, जनक नायक, जिला सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अशोक मुंडा, उपाध्यक्ष आरिज खान, संयुक्त सचिव साजिद कौसर, संगठन सचिव रमजान रजा, महादेव मुंडा, कुदूस अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, परवेज आलम सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

---

# खलारी में विसर्जन के साथ संपन्न हुई मां काली की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी में मां काली की प्रतिमा विसर्जन के साथ काली पूजा महोत्सव संपन्न हो गया। शनिवार सुबह पुजारियों ने माता का पूजन कर विसर्जन का विधान पूरा किया। श्री जानकीरमण मंदिर खलारी में पूजन के दौरान दही चूड़ा का भोग लगाया गया जिसे प्रसाद के रूप में सभी श्रद्धालुओं के बीच बांटा गया। दोपहर में प्रतिमा को नगर भ्रमण कराने के बाद गौरी डैम में विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान भक्ति गीतों के साथ कार्यकर्ता जयकारा लगा रहे थे। वर्द्धमान (पश्चिम बंगाल) से आए पुजारियों ने संपूर्ण पूजन विधान संपन्न कराया। विसर्जन के बाद पुजारियों को विदाई किया गया। विसर्जन जुलूस में रंजनसिंह बिट्टू, अवधेश यादव, दिनेशपांडेय घंटू, अरूण चौरसिया, रंजन सिंह, रमनसिंह बंटी, नागेन्द्रप्रसाद सिन्हा, शैलेश सिंह, पवन चंद्रवंशी, देवेन्द्र सिंह, गुड्डु सिंह, पवनराज सिंह, अजीत सिंह, संजय कामत, राजीवकुमार सोनू, अजय विश्वकर्मा, अंबुज कर्मकार, संजय गुप्ता, कृष्णा नायक, अजय वर्मा, सत्येन्द्र खरवार, बबलु सिंह, विकास सिंह, वरुण यादव, प्रिंस सिंह, अशोक रावत, सूरज रावत आदि मौजूद थे।

---

चुनाव को लेकर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने की बैठक

# सिल्ली प्रखंड में कांग्रेस पार्टी पहले से बहुत अधिक मजबूत है : कार्तिक चन्द्र महतो



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कांग्रेस पदाधिकारीगण की बैठक कुटाम में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला महासचिव रमजान अंसारी के अध्यक्षता में की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने कहा कि सभी को संगठित होने की जरूरत है और शीर्ष नेतृत्व का जो भी निर्देश होगा उसका पालन करने का आग्रह किया। सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता हर पंचायत एवं बूथ पर सक्रिय है साथ ही रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में सिल्ली प्रखंड में कांग्रेस पार्टी पहले से बहुत अधिक मजबूत है। हर बूथ में कांग्रेस के कार्यकर्ता सक्रिय हैं। मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव अब्दुस सलाम अंसारी, कांग्रेस नेता अबुजर अंसारी, अजीम अंसारी,सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, अल्पसंख्यक प्रखंड उपाध्यक्ष शमसेर आलम, अल्पसंख्यक प्रखंड सचिव मोहताब आलम, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, दशरथ कुम्हार, शेख मूसा, स्फ्यूल अंसारी,मो मुख्तार, असलम अंसारी, जाकिर हुसैन, तफिजूल अंसारी, नेजामुद्दीन अंसारी,इत्यादि मौजूद थे।

---

हिमंता के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंचा इंडिया गठबंधन, कहा

# नफरती भाषा से हिंसा फैलाने की हो रही कोशिश, 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बीजेपी नेता हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग में शिकायत की है। इस बाबत झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि बीजेपी के नेता हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा दिए जा रहे भड़काऊ एवं विभाजनकारी भाषणों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग चुनाव आयोग से की गयी है। भट्टाचार्य ने कहा कि आयोग को चुनावी रैली एवं कार्यक्रम में हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा दिए गए भाषण का वीडियो भी सौंपा गया है। जेएमएम नेता ने कहा कि भाषण में अत्यंत विभाजनकारी एवं घृणास्पद शब्दों का प्रयोग किया गया है। मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाते हुए हिमंता ने कहा, वो लोग एक ही जगह पर वोट डालते हैं लेकिन हमारा हिंदू आधा वोट इधर डालेगा आधा उधर और ये सरकार घुसपैठियों को बुलाती है क्योंकि विशेष समुदाय उनको वोट देता है। जेएमएम नेता ने कहा, विधानसभा चुनावों में गृहयुद्ध जैसी स्थिति पैदा करने एवं हिंसा भड़काने के लिए उनके द्वारा इस्तेमाल की जा रही जहरीली भाषा के ये स्पष्ट उदाहरण हैं। सुप्रियो ने कहा कि बिस्वा सरमा द्वारा दिया गया यह नफरत भरा भाषण उनके और उनकी पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रचारित किया जा रहा है। भाषण में बिस्वा ने आगे कहा है, अगले दस साल में झारखंड में राजनीति नहीं कर सकेंगे, विशेष समुदाय पर आश्रित रह जाएंगे।

---

# मृतात्माओं की शांति के लिए मना कब्र पर्व, कैंडल के प्रकाश से रोशन हुई कब्र



**जेहलीटांड़ कब्रिस्तान में फादर हेलारियुस तिग्गा ने मिस्सा पूजा कराया तथा कब्र पर जाकर आशीष किया।**

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड क्षेत्र के मसीही परिवारों ने शनिवार को कब्र पर्व मनाया। प्रत्येक वर्ष 2 नवंबर को रोमन कैथोलिक ईसाई अपने मृत पूर्वजों को याद करते हैं। अपनी धार्मिक मान्यताओं में आस्था जताते हुए वे अपने-अपने परिवार और समाज के मृतात्माओं की परम शांति के लिए कब्रों की पूजा किए। जेहलीटांड़ कब्रिस्तान में मसीही विश्वासी अपने पूर्वजों के कब्रों की साफ-सफाई कर रंग रोगन किए। कब्र पर फूल-माला अर्पित किए तथा मोमबत्ती जलाकर मृतात्माओं की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर की आराधना किए। जेहलीटांड़ कब्रिस्तान में फादर हेलारियुस तिग्गा ने मिस्सा पूजा कराया तथा कब्र पर जाकर आशीष किया। फादर हेलारियुस ने कहा कि कब्र पूजा से मृत आत्माओं के अलावा अपनी आत्मा को भी शांति मिलती है। कहा कि अच्छा कर्म करेंगे तो अच्छा फल जरूर मिलेगा। अच्छा कर्म नहीं करेंगे तो फल भी अच्छा नहीं मिलेगा। इसलिए जीवन मे अच्छे कर्म करना चाहिए। शाम को लोगों ने अपने अपने पूर्वजों के कब्र पर कैंडल जलाया। पूरा कब्र कैंडल के प्रकाश से रोशन था। इस मौके पर प्रदीप कुजूर, राबिन एक्का, पीटर तिग्गा, पारस खलखो, जुवेल खलखो, ज्ञान कुजूर, प्रकाश कुजूर, ज्योति कुजूर, पूनम किस्कु, सिस्टर कुजूर, जेवियर तिग्गा, प्रियंका टोप्पो, उजाला लकड़ा सहित खलारी के मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

---

# झारखंड चुनाव विशेष : साल बढ़े, कैलेंडर बदले और प्रत्याशियों की उम्र अपने हिसाब से चलती रही



**नवीन मेल टोली/ रांची।** झारखंड में पांच साल के अंतराल पर हो रहे विधानसभा चुनाव में कई प्रत्याशियों ने गजब का कमाल कर दिखाया है। 2019 से 2024 के बीच कैलेंडर के भले पांच साल गुजर गए, लेकिन इस दौरान कुछ उम्मीदवारों की उम्र मात्र तीन साल बढ़ी, जबकि कुछ ऐसे हैं, जिनकी उम्र छह से लेकर नौ साल तक बढ़ गई है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की उम्र से जुड़े विवाद को लेकर मचे सियासी बवाल के बीच आईएएनएस ने चुनाव मैदान में उतरे कई उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों और हलफनामों की पड़ताल की तो उनकी उम्र को लेकर हैरान करने वाले कई ह्यसचह्न सामने आए। संथाल परगना की बरहेट सीट से चुनाव लड़ रहे हेमंत सोरेन ने इस चुनाव में दाखिल नामांकन पत्र में अपनी उम्र 49 साल बताई है, जबकि 2019 के हलफनामे में उन्होंने अपनी उम्र 42 साल दर्ज थी। भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट पर हेमंत सोरेन के खिलाफ गमालिएल हेंब्रम नामक जिस नेता को मैदान में उतारा है, वह 2019 के चुनाव में आजसू पार्टी के उम्मीदवार थे। उस वक्त 3 दिसंबर, 2019 को दाखिल शपथ पत्र में उन्होंने अपनी उम्र 28 साल बताई थी। इस बार 29 अक्टूबर, 2024 को नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथ पत्र में गमालिएल ने अपनी उम्र 34 साल दिखाई है। शपथ पत्र के हिसाब से करीब 4 साल 11 महीने के अंतराल में उनकी उम्र छह साल बढ़ गई। 2019 से 2024 के चुनाव के बीच झारखंड के जिस प्रत्याशी की उम्र सबसे ज्यादा रफ्तार से बढ़ी है, उनका नाम है कमलेश कुमार सिंह। वह पलामू जिले की हुसैनाबाद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं। उनके दोनों हलफनामे को सच मानें तो इन दो चुनावों के बीच उनकी उम्र 60 वर्ष से नौ साल बढ़कर सीधे 69 वर्ष हो गई है। हजारीबाग जिले की मांडू सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी हैं जयप्रकाश पटेल। उनके हलफनामे को सच मानें तो पांच साल के अंतराल में दो विधानसभा चुनावों के बीच उनकी उम्र महज तीन साल बढ़ी है। इस चुनाव में दाखिल हलफनामे में पटेल ने अपनी उम्र 40 वर्ष दर्ज की है, जबकि 2019 का चुनाव लड़ते वक्त उन्होंने खुद को 37 साल का बताया था। ऐसा ही कमाल बोकारो जिले की गोमिया सीट से चुनाव लड़ रहे आजसू पार्टी के प्रत्याशी लंबोदर महतो ने भी किया है। 2019 के चुनावी हलफनामे में उन्होंने खुद को 53 साल का बताया और अब 2024 के हलफनामे के अनुसार उनकी मौजूदा उम्र 56 साल है। मतलब, वह भी पांच साल में अपनी उम्र में महज तीन साल जोड़ पाए हैं। जामताड़ा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने इस बार हलफनामे में अपनी उम्र 50 साल बताई है, जबकि पांच साल पहले चुनाव में जब वह जामा सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी थीं तो उन्होंने खुद को 44 साल का बताया था।

---

### इटकी के केशरी तालाब छठ घाट पर लगा गंदगी का अंबार

**इटकी।** प्रखंड के बनियाटोली स्थित केशरी तालाब के मुख्य छट घाट के चारों ओर घास और गंदगी का अंबार लगा है। वहीं उत्तर पूर्व छोर पर स्थित छठ घाट की सीढ़ियां मरम्मत के अभाव में टूट गई हैं। वहीं तालाब के पास लोग शौच कर गंदगी फैला रहे हैं। यही स्थिति अन्य छठ घाटों की है। समाजसेवियों द्वारा अबतक छठ घाटों की साफ-सफाई शुरू नहीं की गई। छठ पूजा समिति के लोगों का कहना है छठ महाव्रत के पहले सड़क और घाटों की सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की तरह छठ घाट पर बिजली सहित सभी प्रकार की व्यवस्था छठव्रतियों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। केशरी तालाब में कई दशकों से बड़ी संख्या में छठव्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। यहां पर मेला का आयोजन किया जाता है। प्रखंड के केशरी तालाब के अतिरिक्त हरही गंगा जल, बाहरी तालाब, पंडरा नदी, सेमरा तालाब, मोरो पोखर, मकुन्दा बांध, नारी तालाब, कुन्दी पोखरा, गड़गांव तालाब, बोड़ेया तालाब सहित क्षेत्र के अन्य नदी, बांध और पोखर में छठव्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं।

---

लापुंग में भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

# लापुंग सहित पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार और घूसखोरी चरम पर : सोमा उरांव

*वर्तमान सरकार भोले भाले आदिवासीयों और सदानों का विकास नहीं कर पायी और सिर्फ ठगने का काम किया*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के बिरसा चौक लापुंग पुरनपानी सड़क के किनारे भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक एवं प्रवासी प्रभारी डॉ खेलावन साहु ने विधिवत नारियल फोड़ कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ खेलावन साहू ने कहा कि झारखंड का विकास डबल इंजन की सरकार कर सकती है । उन्होंने कहा कि मांडर से बाबा और बेबी की सरकार को उखाड़ फेंकना है। वहीं मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमा उरांव ने झारखंड सरकार व मांडर के वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की समेत बंधु तिर्की पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भोले भाले आदिवासियों और सदानों का विकास नहीं कर पाया। झूठे वायदों और आश्वासन देकर झारखंड के लोगों को ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि लापुंग के अलावे पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार और घूसखोरी चरम पर है। मांडर विधान सभा के प्रभारी रिपुसुदन साहु ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अनुसूचित जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए कई बड़े-बड़े कदम उठाए हैं। आज देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला विराजमान हैं। बिरसा मुंडा के जयंती को अन्तर्राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रुप में घोषणा के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी ने कई बड़े कदम उठाए और आदिवासियों के उत्थान के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासियों को झारखंड जैसा राज्य उपहार में दिया। यह सब भाजपा की देन है।

## एक नजर

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम डिस्पैच व रिसीविंग सेंटर का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज ने पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा में बनाए गए ईवीएम डिस्पैच सेंटर और रिसीविंग सेंटर का शुक्रवार को निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त और व्यवस्थित तरीके से चुनाव कार्य के संपादन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी ली। प्रेक्षक ने ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग, ईवीएम के वेयर हाउस से डिस्पैच सेंटर तक मूवमेंट और सुरक्षित रख-रखाव, स्ट्रॉन्ग रूम, बिजली आपूर्ति, सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे निगरानी, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था,पूरे कॉलेज परिसर में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति आदि की समीक्षा करते हुए जानकारी ली।

### स्वीप के तहत उरवां में दो दिनी एडवेंचर्स गतिविधि चार से

**चंदवारा।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड अन्तर्गत तिलैया डैम, उरवां झील रेस्टूरेंट के समीप में स्वीप के तहत मतदाताओं के जागरूकता रने चार और पांच नवंबर को दो दिनी एडवेंचर्स गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बनॉना राईड, डिस्को-रिंगो राईड, कायाकिंग आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा बोटिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। शारीरिक रूप से सक्षम 15 से 50 वर्ष के युवा और युवातियां इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। बताया गया कि पूर्व में अनुभव प्राप्त होना आवश्यक नहीं है। तैराकी नहीं जानने वाले प्रतिभागी भी पानी के खेलों में भाग ले सकते हैं। यह कार्यक्रम प्रशिक्षकों द्वारा सुरक्षित रूप से आयोजन करने के लिए सुरक्षा संबंधित लाइव जैकेट का प्रयोग करना सभी प्रतिभागियों द्वारा अनिवार्य होगा।

### राजद प्रत्याशी सुभाष यादव के पक्ष में पत्नी-बेटी व बेटा ने चलाया जनसंपर्क

**मरकच्चो।** राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया। पार्टी प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में उनकी धर्मपत्नी लालती देवी,पुत्र नीतीश कुमार यादव,पुत्री आयुषी यादव ने जेल का बदला वोट से देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुभाष प्रसाद यादव की सेवा-समर्पण का भाव हमेशा के लिए है। उनके दिल में कोडरमा के लिए हजारों सपने हैं। उन सपनों को पूरा करने के लिए सुभाष प्रसाद यादव को विधायक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता समस्याओं से घिरी है। लेकिन यहां की सत्ता पर काबिज लोगों ने जनता के लिए कोई काम नहीं किया। वक्त बदलाव का है और तरक्की की राह को मजबूत बनाने की है। मौके पर विजय सिंह,जेएमएम के दिवाकर तिवारी, सरफराज नवाज खान, भुनेश्वर यादव,जनार्दन यादव, गोविंद यादव समेत गठबन्धन के नेता मौजूद थे।

निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक

# निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन को सख्ती से लागू करें : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में 22- बड़कागांव विधानसभा की तैयारियों एवं चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक 22- बड़कागांव वी सरवना एवं 23- रामगढ़ पुलिस प्रेक्षक 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र देवब्रत दस, 22 बड़कागांव की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एसी- 22 बड़कागांव एवं एसी-23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने का उद्देश्य की जा रही कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से किए गए तैयारी की विस्तार पूर्वक जानकारी दिए वहीं उन्होंने अंतरराज्य चेक नाका एवं जिले में बनाए गए चेक नाका के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं निर्वाचन के दृष्टिकोण से जिले में आने जाने वाहनों की चेकिंग के संबंध में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बड़कागांव एवं केरेडारी अंतर्गत आने वाले बूथों के संबंध में जानकारी दी। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए गाइडलाइन के तहत कार्य करने का निर्देश दिया गया। सभी उपस्थित सभी राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा सभी प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# दिवंगत मंजीत के परिजनों से अंबा प्रसाद ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बीते दिन शनिवार को बड़कागांव विधायक सह महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने दिवंगत रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मंजीत यादव के निवास स्थल पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की एवं सांत्वना दिया। अंबा प्रसाद ने पुलिस प्रशासन से हत्यारों की जल्द पहचान करके कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है। अंबा प्रसाद ने कहा कि प्रखर हिंदुवादी व रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मंजीत यादव सदैव धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। हजारीबाग की रामनवमी को भव्य रूप प्रदान करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा है, दिनदहाड़े इस प्रकार की घटना शहरी क्षेत्र में होना काफी निंदनीय है। पुलिस प्रशासन को इस पर गंभीर होने की आवश्यकता है।

## न्यूज | बॉक्स

### स्कूल में मडर्स दे और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 2 नवंबर को बच्चों ने सोशल स्किट द्वारा मदर्स डे तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जीवन में मां का क्या महत्व है इस सम्बन्ध में बताया गया। बच्चों ने अपने गतिविधियों के तहत जीवन व प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम वत्सल,द्वितीय शौर्य सिंह, तृतीय अफशिन इमाम रहे। सभी बच्चों ने अपनी गतिविधियों में जमकर हिस्सा लिया और अपनि हर भूमिका को अच्छे से निभाया। विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन सिमिति ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें इसी तरह से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### अटल विचार मंच के रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी बने अंशु गुप्ता



**रामगढ़।** कुजू मेन रोड निवासी अंशु गुप्ता को पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने अटल विचार मंच का रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी बनाया है। अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा ने अंशु गुप्ता को इनके मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। साथ ही इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नवनियुक्त रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी अंशु गुप्ता ने कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन ने मुझे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। कहा की ईमानदारी पूर्वक संगठन के प्रति काम करेंगे। साथ ही शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार ज्ञापित किया है। वही अंशु गुप्ता को मीडिया प्रभाती बनाये जाने पर अटल विचार मंच के वरिष्ठ नेता प्रकाश मिश्रा, प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, रविन्द्र शर्मा, शैलेंद्र सिन्हा, प्रफुल्ल कुमार, जगतार सिंह, विपिन कुमार सिन्हा, सुमन सिंह, आशीष सिंह, वेद प्रकाश छोटू, सत्यजीत वर्मा उर्फ सेतु आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### आज धूमधाम से मनायी जायेगी चित्रगुप्त की पूजा



**हजारीबाग।** चित्रगुप्त पूजा 2024 पूजा महासमिति बिहार दुर्गा मंडप में महासमिति के अध्यक्ष आशीष सहाय एवं महासचिव कृष्णा किशोर प्रसाद के द्वारा संजयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस रखी गई। प्रेस वार्ता में महासमिति के अध्यक्ष आशीष सहाय ने कहा कि दुर्गा मंडप में चित्रगुप्त पूजा 1902 ई से लगातार मनाई जा रही है, इस वर्ष 122 वर्ष पूर्ण होगा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम के साथ श्री चित्रगुप्त पूजा मनाई जाएगी। 3 तारीख को सुबह 9:00 बजे सामूहिक पूजा एवं संध्या 6:00 बजे आरती एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। संध्या 6:00 बजे से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चित्राष समाज एवं अन्य वर्ग के लोग रंगारंग कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेंगे। 4 को 2:00 बजे से सामूहिक भैयारी (भोज)का आयोजन किया जाएगा उसके उपरांत शाम 4:00 बजे शोभायात्रा एवं मूर्ति विसर्जन बिहार दुर्गा मंडप से ज्यादा बाबू चौक, पंच मंदिर, झंडा चौक होते हुए छठ तालाब तक निकाला जाएगा। चित्रांश परिवार सहित अन्य वर्ग के लोग शामिल होंगे। महामंत्री कृष्ण किशोर प्रसाद ने कहा कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए आचार संहिता का पालन किया जाएगा, उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि अपना मतदान का प्रयोग जरूर करें एवं उचित प्रत्याशी को करें ।प्रेस कॉन्फ्रेंस में महासमिति के सचिव नवीन सिन्हा, मनोज कुमार उपाध्यक्ष सतीश सिन्हा, गिरवर नंदन प्रसाद , प्रोफेसर राधेश्याम अम्बष्ट, अरुण प्रभात, प्रोफेसर अरविंद सहाय, दीपक नाथ सहाय, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार सिन्हा, कृष्ण कुमार सिन्हा, भैया मनोरंजन, संजय सिन्हा, अर्चना सिन्हा रश्मि सिन्हा, रमेश चंद्र प्रकाश उर्फ पिंटू, अशोक कुमार सिन्हा, सीतांशु नारायण, राजेश कुमार टिंकू, मिथिलेश कुमार सिन्हा उर्फ मने , आशीष सिन्हा, सहित कई चित्रांश लोग शामिल थे।

झारखंड विधानसभा चुनाव में बरही बना हॉट सीट

# निर्दलीय भी निभा सकते हैं महती भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विधान सभा चुनाव के दिन नजदीक होते ही चुनावी तपिश बढ़ने लगे हैं. बरही विस पूरी तरह हॉट सीट होता दिख रहा है. जहां पार्टी धारियों के साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी हार जीत के खेल को बनाने और बिगाड़ने में महत्ती भूमिका निभाने वाले हैं. यूं तो बरही विस से कुल 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है. सभी प्रत्याशी अपने जीत के दावे कर रहे हैं. पर मतदाताओं की माने तो बरही विस से भाजपा, कांग्रेस और सपा के बीच त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार हैं. कोई किसी से कम नही है. बाजी कभी भी पलट सकता है. पार्टियों का जनसंपर्क और चुनावी सभा जनता को उत्प्रेरित करेगा, ऐसे में मतदाताओं को रिझाने में जो सफल हो पाएगा, उसकी ताज निश्चित है. चुनावी समर में एक ओर भाजपा कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी मनोज कुमार यादव के जीत को लेकर आश्वस्त दिख रहे है. इनकी मानें तो बीजेपी प्रत्याशी की जीत तय है, प्रयास तो सिर्फ जीत के बड़े अंतराल के लिए किए जा रहे है. कांग्रेसियों का मानना है कि बरही विस में नेतृत्व परिवर्तन की लड़ाई है. मतदाताओं में एक नए चेहरे की मांग है. जो कांग्रेस के प्रत्याशी युवा नेता अरुण साहू में देखने को मिल रहा है. श्री साहू के क्षेत्र में अपनी पहचान है. जो न केवल चुनाव के समय अपितु चुनाव पूर्व भी अपनी एनजीओ टीएसएस के माध्यम से जनता का सेवा करने का काम किया है. सपा प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव के कार्यकर्ताओ को उनके किए कार्य पर पूरा भरोसा है. कार्यकर्ता जीत को लेकर निश्चित है, उन्हे विश्वास है कि निवर्तमान विधायक ने जो काम किया है, अब तक किसी भी विधायक के कार्यकाल में नहीं हुआ है. विकास और निष्ठा ही इनकी पहचान है. इसके अलावा जेएलकेएम के कृष्ण कुमार यादव, बसपा के संतोष कुमार यादव सहित निर्दलीय प्रत्याशी बद्री यादव, अविनाश कुमार आदि उम्मीदवारों ने भी भारी संख्या में मतदाताओं के समर्थन की बात कह रहे हैं.

चुनाव को लेकर प्रेक्षक ने एमसीएमसी कोषांग का किया औचक निरीक्षण

# प्रत्याशियों का सोशल मीडिया की गतिविधियों पर भी रखी जाएगी नजर



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों एवं चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक टी वी सुभाष द्वारा शनिवार को समाहरणालय स्थित सूचना भवन में बनाए गए एमसीएमसी कोषांग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक सुभाष ने प्रत्याशियों द्वारा चुनाव के दौरान की जाने वाली गतिविधियों पर नजर रखने हेतु बनाए गए एमसीएमसी के माध्यम से की जा रही कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी ली इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर द्वारा पेड न्यूज, मीडिया मॉनिटरिंग सर्टिफिकेशन सहित अन्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक टीवी सुभाष द्वारा प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे गतिविधियों पर नजर रखने हेतु सोशल मीडिया का भी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दी गई। मौके पर मुख्य रूप से लाइसेंस ऑफिसर मनोज कुमार मंजीत, स्वागतक नीतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# भक्तों ने श्रद्धाभाव के साथ प्रसाद को किया ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बड़कीपोना काली मंदिर परिसर में शनिवार को पूजा समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। भाजपा नेता राजीव जायसवाल द्वारा विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर महिलाओं और युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी थी। दोपहर से शुरू हुए भंडारा वितरण का दौर देर शाम तक जारी रहा। यह भंडारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। मौके पर मुखिया अरविन्द कुमार सिंह, पंसस शम्भु कुमार सहित समाजसेवी जीतभन महतो, रामध्यानी राम दांगी, लालकिसून महतो, अमृत कुमार, मनोज पासवान, प्रदीप कुमार, समिति के अध्यक्ष रमेश दांगी, सचिव अजय कुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार, उप सचिव रामचंद्र महतो, उप कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, संयोजक प्रदीप कुमार, नरेंद्र दांगी, आकाश कुमार, बादल कुमार, बिनोद कुमार,राजू दांगी, शिशुपाल कुमार, विनोद कुमार, राजेंद्र राम दांगी, रामचंद्र देव आदि मौजूद थे।

मुन्ना सिंह ने किया ऐतिहासिक सोहराय जतरा मेले का शुभारंभ

# आदिवासी संस्कृति के महत्व पर दिया जोर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कटकामदाग प्रखंड के कुशुन्भा पंचायत के जमुआरी में आयोजित ऐतिहासिक आदिवासी सोहराय जतरा मेला का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुन्ना सिंह ने मेले में बड़ी संख्या में उपस्थित आदिवासी समाज के लोगों से मुलाकात की और उनके साथ इस सांस्कृतिक पर्व का हिस्सा बने।सोहराय जतरा मेला झारखंड के आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। सोहराय पर्व फसल कटाई के बाद आयोजित होता है, जिसमें आदिवासी समाज अपने पशुओं और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करता है। यह मेला आदिवासी जीवनशैली, रीति-रिवाज और परंपराओं का सजीव उदाहरण है, जिसमें गीत-संगीत और पारंपरिक नृत्य के माध्यम से समाज का मेलजोल बढ़ता है। प्रेस से बातचीत के दौरान मुन्ना सिंह ने कहा मुझे इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए आयोजकों का हृदय से आभार। इस सांस्कृतिक पर्व में शामिल होकर हमारे आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं का अनुभव करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा सभी युवाओं से निवेदन है कि हमारे सांस्कृतिक त्योहारों को उत्साहपूर्वक मनाएं, क्योंकि आधुनिकता के इस दौर में यही पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं। जय जोहार। मुन्ना सिंह ने स्थानीय निवासियों से आग्रह किया कि वे सोहराय जतरा जैसे सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी संस्कृति को जीवंत बनाए रखें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारी पहचान और धरोहर को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, राजद जिला अध्यक्ष चरखा यादव उर्फ हिरामन यादव, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु, रंजीत यादव, गौतम कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा और आदिवासी समाज के युवा नेता विक्की कुमार धान उपस्थित रहे।

हर्ष अजमेरा ने किया सदर प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा, कहा

# यह चुनाव मेरे लिए केवल राजनीति नहीं है बल्कि एक सेवा का संकल्प है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने सदर विधानसभा क्षेत्र में अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए उन्होंने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया और क्षेत्र की विकास के लिए तीसरा विकल्प चुनने की अपील की। हर्ष अजमेरा ने इस दौरान छड़ी छाप (क्रमांक संख्या 23) पर वोट देकर अपने समर्थन में मतदान करने का आग्रह किया। हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में क्षेत्र के चार मुख्य मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समृद्ध हजारीबाग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का वास्तविक विकास तभी संभव है जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार के बेहतर अवसर, और समृद्धि का मार्ग मिले। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में इन क्षेत्रों में जो सुधार अपेक्षित था, वह नहीं हो पाया है और क्षेत्र की जनता को नए नेतृत्व की आवश्यकता है जो उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले। अभियान के दौरान हर्ष अजमेरा ने भारत माता चौक, मासीपीढ़ी, मुकुंदगंज, बकसपूरा, हरहद, हुपाद, गणेशीटांड, पारतुम्बा, तुम्बा, निर्मल सिंह चौक, डेमोटांड (बस्ती मंदिर), भेलवारा, सलैया, बभनी, बोच्चो, बभनमय, मोरंगी (सुदामा घर के पास), मोरंगी देवार, हत्यारी, हत्यारी (मांझी टोला) जैसे कई स्थानों का दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुना और उनकी अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया। हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग की जनता के बीच जाकर उनके समर्थन और आशीर्वाद को महसूस करना मेरे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है। सदर प्रखंड के गांवों में जनता से मिलते हुए मुझे महसूस हुआ कि लोग अब बदलाव चाहते हैं। विकास की जो उम्मीदें लोगों ने वर्षों से संजोई हैं, वे अधूरी रह गई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समृद्धि जैसे मूलभूत मुद्दों पर काम करने की जरूरत है, और यही मेरे लिए प्राथमिकता है।

कुमकुम ने दर्जनों गांव में किया जनसंपर्क,कहा

# बहन बेटी को वोट देकर करें मदद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी कुमकुम देवी ने कार्यकर्ताओं संग शनिवार को दर्जनों गांव के लोगों से अपने पक्ष में मतदान के लिए संपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि विकास करने के लिए सेव छाप पर वोट दें लेकिन पैसा लेकर किसी को वोट नहीं दें। जो आपके क्षेत्र में कार्य करेंगे, सुख दुःख में साथ देंगे और आपके क्षेत्र में विकास करेंगे उसी को वोट दें। जनसंपर्क के दौरान कहा कि आप अपने अधिकार को जाने ओर वोट के माध्यम से इस बहन को, बेटी को वोट दे विजयी बनाएं। वहीं प्रवासी मजदूरों पर उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रों से अधिक संख्या में लोग मजदूरी करने जाते हैं। जब आप हमारा हाथ मजबूत करेंगे तभी प्रवासी मजदूरों का हाथ मजबूत होगा। बरकट्ठा विधानसभा की जनता बदलाव चाह रही है बदलाव का समय आ गया है। बदलाव अवश्य करें। इस दौरान उन्होंने गड़गी, परसाबाद स्टेशन, कटिया, अंबाडीह, तेतरोन चौक, नावाडीह, नई टांड़, मेंसौंधा, पिपराडीह समेत दर्जनों गांव में जनसंपर्क किया। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य मीना देवी, लोकहित अधिकार पार्टी के नेता केदार साव, बबलू मंडल, बिनोद मंडल, बिनोद कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में 4 को कल्पना बरही ब्लॉक मैदान में करेंगी जनसभा को संबोधित, कांग्रेसियों ने किया स्थल का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन सोमवार को बरही विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के समर्थन में सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे बरही प्रखंड मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेगी। जिसको लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन बरही ब्लॉक मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर 12.30 बजे पहुंचेगी। इसको लेकर पार्टी स्तर से लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने बरही विधानसभा की जनता से भारी संख्या में शामिल होकर उनकी बातों को सुनने का अपील किया है। मौके पर चुनाव प्रभारी शंकर साहू, कांग्रेस नेता मेघनाथ साहू, तापेश्वर प्रसाद, विनय साहू, मुकेश गुप्ता,बबलू साहू, सन्नी गुप्ता, विकास सोनी, सोनू मेहता समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 17 प्रत्याशी मैदान में, एक ने लिया नाम वापस

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव में इस बार 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं. कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था. जिनमें से एक निर्दलीय प्रत्याशी नेपाल विश्वकर्मा ने अपना नाम वापस ले लिया. जिसके बाद मैदान में 17 प्रत्याशी हैं. जिनमें आजसू की सुनीता चौधरी, कांग्रेस की ममता देवी, जेएलकेएम के पनेश्वर कुमार , किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के पंकज कुमार , आजाद समाज पार्टी की मधु देवी शामिल हैं. इनके अलावे गौतम कुमार पांडा, धर्मेंद्र प्रसाद, चतुर्भज कश्यप, ललिता देवी, लाल किशुन प्रसाद, फरूक अंसारी, सुशील कुमार, अरिजीत पटेल और झलु करमाली चुनावी मैदान में हैं. जिनकी किस्मत का फैसला रामगढ़ विधानसभा के 3 लाख 56 हजार मतदाता करेंगे.

# सिमडेगा के मसीहियों ने मनाया कब्र पर्व, पूर्वजों को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में बुधवार को कब्र पर्व का आयोजन किया गया। वहीं ईसाई धर्म के लोगों ने अपने पूर्वजों के कब्रों को फूल मालाओं से सजाया था। साथ ही मोमबत्ती व दीप प्रज्जवलित कर उन्हें याद किया। वहीं डिप्टी टोली एवं भुडूटोली स्थित कब्र में फादर के धार्मिक अनुष्ठान कराया। उन्होंने अनुष्ठान के दौरान कब्रों पर पवित्र जल का छिड़काव किया, नाथ ही मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कुरडेग प्रखंड क्षेत्र में ईसाई समुदाय क लोगों ने बुधवार को अपने पूर्वजों को याद किया। इस अवसर पर विभिन्न कब्रिस्तानों में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिसमें लोगों ने अपने पूर्वजों सहित नाते-रिश्तेदारों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस पर्व के अवसर पर ग्रामीणों ने कब्रिस्तानों की साफ-सफाई कर वाशीष जल का छिड़काव किया। लोगों की। मान्यता के अनुसार आशीष जल को शुद्धता व पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। मौके पर सामटोली के विजी फा. इग्नासियुस टेटे ने कब्र पर्व के मौके पर कहा कि मृत्यु अंत नहीं विकास है। वहां से एक नए जीवन की शुरूआत होती है। इसका अंत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के बाद हम ईश्वर की महिमा के सहभागी होते है जिसके लिए हम बनाए गए है। इसी कारण हम सदैव अपने पूर्वजों के ऋणी हैं और मृत विश्वासियों का यह पर्व हमें अपने पूर्वजों का आभार प्रकट करने और पुण्य कामाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा ईश्वर द्वारा प्रदत्त यह जीवन अनमोल और पवित्र है। लेकिन मानव का जीवन क्षण भंगुर है। इसलिए अपने जीवन के पवित्रता को बनाए रखने के लिए ईश्वर को अपने करीब लाने की आवश्यकता है। पर्व का यह अवसर हमें अपने को पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और प्रार्थना के बल ईश्वर के करीब लाने का अवसर प्रदान करता है।






## कांग्रेस प्रत्याशी विधायक भूषण बाड़ा ने कब्र पर्व के मौके पर अपने पूर्वजों को किया याद, पुष्प अर्पण कर जलाई मोमबत्ती

सिमडेगा में शनिवार को कब्र पर्व मनाया गया। मौके पर कांग्रेस प्रत्यासी सह विधायक भूषण बाड़ा ने अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा व अपने पूरे परिवार के साथ अपने पिता के कब्र एवं अन्य पूर्वजों के कब्र के पास जाकर फूल अर्पण किया और मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। इधर जिले के अन्य सभी रोमन कैथोलिक मसीहियों ने अपने पूर्वजों के कब्र के पास जाकर फूल अर्पण किया और मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। इसके बाद कब्रिस्तान में गए और अपने पूर्वजों की कब्र पर फूल अर्पणकर मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। मौके पर भूषण बाड़ा ने कहा कि मृत्यु जीवन का अन्त नहीं, बल्कि मृत्यु ही अन्ततः जीवन की शुरूआत है। इसलिए सभी विश्वासियों हमेशा ही तैयार रहना चाहिए कि कब पिता परमेश्वर के द्वारा बुलावा आ जाये। उन्होंने कहा कि दो नवम्बर को रोमन कैथोलिक विश्वासी अपने मृत प्रियजनों की याद में यह पर्व मनाते हैं। इस दिन कब्रिस्तान में मिट्टी को समर्पित हो चुके अपने पुर्वज, सगे परिजनों को याद किया जाता है। यह विनती उनकी भावना और अपनों से घनिष्ठता को दशार्ता है। इधर कब्रिस्तानों में पुरोहितों की ओर से धार्मिक अनुष्ठान के बाद कब्र की आशीष की गई। कब्र पर्व के पूर्व ईसाई समुदाय के लोग संतों का पर्व मनाया।



## कुरडेग : हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के डूमरडीह मोड़ मुख्य सड़क पर हाईवा के चपेट में आने से शनिवार को 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गोविंद यादव मुड़ाम्बा खेरपानी निवासी के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक गोविंद अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर अपना मोबाईल बनवाने केन्दूटोली आ रहा था।जैसे ही डूमरडीह मुख्य सड़क पहूंचा इसी दौरान टाटा से पुणे जा रही नयी टाटा हाईवा के चपेट में आ गया जिससे बाईक सहित हाईवा के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी नवीन कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहूंचे और शव को अपने कब्जे में में करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गए वहीं हाईवा चालक को गिरफ्तार करते हुए हाइवा को कुरडेग थाना लेकर आ गए। इधर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है जिसके बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### सड़क हादसा में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा कुरडेग मुख्य मार्ग किनकेल रेंगारबहार चौक के पास शनिवार को दोपहर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिरे जिसमें पीछे बैठे हुए सेवई गांव निवासी अब्बूगैर अंसारी नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत निजी वाहन के माध्यम से इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा इलाज करने के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर कर दिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि वह अपने साथी के साथ किसी काम को लेकर कुरडेग की ओर गया था और लौट रहा था इसी दौरान मोड़ में नियंत्रण को कर गिरा जिससे पीछे बैठे अब्बूगैर का हाथ एवं पैर टूट गया। इधर सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर किया है जहां पर इलाज की जाएगी।

### भलमंडा गांव में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के भलमंडा गांव में शुक्रवार देर रात को सुरेन्द्र लोहरा नामक 32 वर्षीय ग्रामीण ने अपने घर के धरना में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया।बताया गया कि सुरेन्द्र लोहरा शुक्रवार शाम से ही अत्यधिक नशे की हालत में था इसी बीच रात में परिवार के साथ किसी बात को लेकर कहा सूनी हो गया जिससे गुस्से में आकर कमरा अन्दर से बन्द करके धरना में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा लिया। परिजनो द्वारा घटना की सूचना शनिवार सुबह कुरडेग पुलिस को दी गई।सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्ज में कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। वहीं शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया।

### सुजान मुंडा के पक्ष में वोट मांगने जलडेगा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी

# सरकार ने 5 सालों में झारखंड को दलाल और बिचौलियों के हाथों में गिरवी रख दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के एसएस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में पुर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने कोलेबिरा विधानसभा प्रत्याशी सुजान मुण्डा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम की सरकार ने पांच सालों में झारखंड को दलाल और बिचौलियों के हाथों गिरवी कर दिया है, राज्य में लोग नौकरी पाने के लिए जान गंवा रहे हैं फिर भी नौकरी नसीब नहीं हो रहा है, राज्य का अगर कोई विकास कर सकता है तो वो भाजपा की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार बनती है तो हर महिला को महिने में 21 सौ रुपए दिए जाएंगे, 5 सौ रुपए में गैस सिलेंडर एवं त्योहारों में दो गैस सिलेंडर फ्री दिया जाएगा। यही नहीं सरकार बनी पहली कैबिनेट में ही एक लाख पदों पर युवाओं की नियुक्ति की जाएगी और बाकी बचे पदों पर हर साल बहाली होगी, साथ ही शिक्षित युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के रूप में प्रति माह 2 हजार रुपए दो वर्ष तक दिए जाएंगे। झारखंड में विधानसभा का चुनाव है और राज्य एवं राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता के भविष्य की बात है इसलिए आपका एक वोट राज्य की दशा और दिशा दोनों के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से कोलेबिरा विधानसभा के जुझारू प्रत्यासी सुजान मुण्डा के पक्ष मतदान करने की अपील की।



### हमारी घोषणाओं का लाभ 11 दिसंबर से मिलने लगेगा

**केरसई।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को केरसई में चुनावी जनसभा को संबोधित करने हेलीकॉप्टर से पहुंचे उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा को कमल पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने का क्षेत्र के जनताओं से अपील किया अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र पर किए गए पांच वादों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और कहा कि कैबिनेट की पहली बैठक में ही हमारे घोषणा किए गए योजनाओं का लाभ 11 दिसंबर से ही मिलना शुरू हो जाएगा। इसके पूर्व भाजपा के प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने भी ग्रामीणों से वोट मांगते हुए कहां की 2019 के चुनाव में 285 मतों से मैं हार गया था उसके बाद से मैं पूरे 5 वर्ष तक ग्रामीण जनताओं के बीच में एवं उनके सुख-दुख में साथ में रहा हूं उन्हें मदद किया हूं अगर मैं विधायक बना तो क्षेत्र में खुलकर सेवा करने का मौका मिलेगा इस बीच कई वरिष्ठ नेताओं ने भी ग्रामीण जनता को संबोधित किया। मंच का संचालन प्रणव कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर गणेश मिश्रा, क्लस्टर प्रभारी व छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप, जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मानकीलाल, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद, गौतम कुमार, कामेश विकास प्रसाद, प्रभु मांझी, सत्या देवी, नंदिनी देवी, दीप नारायण दास, प्रसाद, सुरेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, अनूप केसरी, केरसई मंडल प्रभारी मनोज साय, रामविलास बड़ाईक, तुलसी साहू, ओम प्रकाश साहू, प्रदीप जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता जनसभा में उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी सुजान मुण्डा ने कहा कि मुझे धांगर समझकर एक बार आप सबका सेवा करने का मौका दें। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बडाईक, विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर साहु, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने भी सभा के संबोधित करते हुए कहा भाजपा ने अपने साशन काल में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाया तो विकास का काम भी भाजपा के हाथों होगा। इससे पूर्व सभी अतिथियों को पराम्परागत तरीके से महिलाएं द्वारा नाचते और गीत गाते हुए अगुवाई कर मच तक लाया गया।

तत्पश्चात मंडल अध्यक्षों द्वारा अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मंच संचालन सुभाष साहु ने किया एवं सुजान मुण्डा के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष मोतिलाल ओहदार, अनुप प्रसाद, भोला साहु, हेमशरण सिंह, प्रेमचंद मांझी, गंगा प्रधान, लालमोहन सिंह, अनुप प्रसाद, अनिरूद्ध सिंह, सुषमा देवी, रंजन साहु, दिलेश्वर साहु, नरेंद्र बडाईक, विदया बडाईक, सहित बुथस्तरीय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### नदी में बहे युवक को खोजने तेज धार में नंगे पांव उतरे भूषण बाड़ा



**सिमडेगा।** शुक्रवार को पालकोट के बागेसेरा स्थित कोयल नदी में बहे गांव निवासी जानू केशरी को खोजने के लिए सिमडेगा विधायक सह सिमडेगा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा शनिवार की अहले सुबह ही कार्यकर्ताओं के साथ मिलों की दूरी पैदल तय कर गांव पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी सह विधायक भूषण बाड़ा हाफ पैंट और नंगे पैर ही गांव पहुंचे थे। साथ ही नदी में उतरकर कर जानू को खोजने में जुट गए। भूषण बाड़ा के प्रयास से गांव निवासी मनोज साव केशरी के पुत्र जानू केशरी को खोजने एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच चुकी हैं। वहीं भूषण बाड़ा भी अहले सुबह से ही जानू साव को खोजने में डटे। भूषण बाड़ा ने जानू केशरी के परिजनों को हिम्मत से काम लेने की अपील की।इस मौके पर काफी मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने शव को खोज निकाला।

### बोलबा प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा व सोहराई पर्व



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड में शनिवार को धूमधाम से गोवर्धन पूजा एवं सोहराई मनाया गया। इस मौके पर गौशाला में पूजन के पश्चात गाय-बैल को नहला धोकर घी एवं तेल लगाया गया । इसके बाद अच्छत सिंदूर से स्वागत किया गया। ततपश्चात विशेष रूप से बनाए गए प्रसाद गौ को खिलाया गया। इस मौके पर पारम्परिक रीति-रिवाज के आधार पर गौ चरवाहों को छप्पर के रूप में रस्सी हड़िया का प्रसाद पिलाया गया मौके पर जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष गोवर्धन पर्व के मौके पर इस प्रकार का आयोजन करते हुए पशुपालक अपने-अपने पशुओं का पूजा पाठ करते हैं लोगों का कहना है कि किसान परिवार में पशुओं की विशेष महत्व होती है खेती में इन्हीं के योगदान के माध्यम से साल भर लोगों को खाने के लिए अनाज उत्पन्न होता है इसलिए गोवर्धन पर्वत के मौके पर गौ माता की पूजा की जाती है इसके साथ ही पारंपरिक नाच-गान कर मनोरंजन किया गया। इस मौके पर गाँव के महिला पुरुष एवं बच्चे मौजूद थे।

### पुलिस मैनेज करने की अफवाह फैला कर जलडेगा में जुआरियों की कट रही है चांदी

**दिवाली के नाम पर आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन**

**जलडेगा।** जलडेगा व ओडगा थाना क्षेत्र में जुआरियों की गतिविधियां तेज है। दीपावली की आड़ में देर रात से अलग-अलग जगहों में रोज हजारों रूपए के जुए का फड़ लग रहा है। जुआरियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे पुलिस और मीडिया को मैनेज करने का अफवाह फैला कर खुलेआम जुआ खेल रहे हैं और ताश के पत्तो पर हजारों लाखों के दांव लग रहे हैं। इस जुए ने न जाने कितने ही परिवारों को बर्बाद कर दिया है। क्षेत्र के युवा जुए की इस बुरी लत में फंसते जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले इन जुआरियों को अब पुलिस व कानून का भी कोई डर नहीं है। बता दें कि झारखंड विधान सभा चुनाव को लेकर वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है इसके बाबजूद भी जुआरियों द्वारा सारे नियम को ताक में रख कर जुआ खेल जा रहा है। मामले पर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने कहा कि जुआ खेलने का किसी तरह का कोई परमिशन नहीं है। अगर इस तरह का मामला है तो जरूर कारवाई की जाएगी।

### जिले में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**सिमडेगा।** नगर परिषद के नगर प्रशासक के निर्देश पर शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर दो के ढेबर ग्राम में चक्रीय विकास संस्थान के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर एवं कुमुदनी कुल्लू बीएलओ की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को लोकतंत्र की रक्षा हेतु मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पुरे परिवार के साथ अपने मतदान केंद्र में जाकर वोट करने की अपील की गई। मौके उपस्थित लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा कराया गया। मौके पर अजय कुमार राम, मोनिका देवी,बसंती देवी, गीता देवी, प्रीतम सिंह, बबलू राम, आकाश केरकेट्टा, मारग्रेट तिर्की, देवकी देवी, शांति देवी, मनप्यारी देवी, रिमनी देवी, फरण केरकेट्टा, गौतम सिंह, फूलो देवी, सूरज लोहरा, सोनी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा, झापा व निर्दलीय प्रत्याशियों से बचें, कांग्रेस को करें सहयोग : भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा ने कुरडेग प्रखंड के खरवाटोली, छाताकहू में जनसंपर्क अभियान चला कर अपने पक्ष में लोगों को वोट करने की अपील की। भूषण बाड़ा ने कहा कि राज्य का विकास इंडिया गठबंधन की सरकार ही कर सकती है। पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में विकास की अनगिनत योजनाएं धरातल में उतारी गई है। भूषण बाड़ा ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की पूरी जनता उनके साथ है। उन्होंने भाजपा, झापा सहित अन्य पार्टी और निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से सचेत रहने की अपील की। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष तेलेस्फोर टोप्पो, पीटर खाखा, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष अरुण जायसवाल विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस, दुर्गेश पासी, रोहित मिश्रा आदि कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## कोलेबिरा और लचरागढ़ में कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालयों का किया गया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा कोलेबिरा प्रखंड के कोलेबिरा और लचरागढ़ में शनिवार को चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी जिला अध्यक्ष, विधायक सह प्रत्याशी नमन बिक्सल कोनगाड़ी सहित कांग्रेस जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी के साथ सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने प्रखंड के कार्यकर्ताओं को क्षेत्र भ्रमण कर डोर टू डोर प्रचार करने की अपील की। श्री कोनगाड़ी ने कहा कि लोगो के बीच जाए ।कोलेबिरा विधानसभा के हर एक क्षेत्र में विकास का कार्य किया गया है। विपक्ष के लोग लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है। जिसे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को नाकाम करना है। हम पूरी मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और जीत भी रहे हैं। झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी उड़ीसा सांसद सप्तगिरी उल्का ने कहा क्षेत्र में अधिक से अधिक जनसंपर्क अभियान चलाएं, जनता के बीच कांग्रेस के नीति और सिद्धांतों को बताएं। इस मौके पर कई लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर कोलेबिरा निवासी पूर्व भाजपा नेता रणधीर कुमार ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।मौके पर कोलेबिरा प्रभारी अनुप लकड़ा, एआइसीसी ओब्जरवर कोलेबिरा विधानसभा तनवीर आलम, कोलेबिरा प्रखंड पर्यवेक्षक पुष्पा कुल्लू, झामुमो के फिरोज अली सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



### उपायुक्त सिमडेगा ने वोटर अवेयरनेस फोरम को लेकर बैठक का किया आयोजन, कहा

# स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को वोटर अवेयरनेस फोरम को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा आम चुनाव-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गतिविधियों और उनके कार्ययोजना पर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी विभागों के कार्यालय प्रधान को वोटर अवेयरनेस फोरम के अंतर्गत सभी कर्मचारी शत प्रतिशत मतदान करें इसे सुनिश्चित करेंगे। वोटर अवेयरनेस फोरम का कार्यालय प्रधान द्वारा सभी अपने कर्मचारियों को होने वाली विधानसभा चुनाव के बारे में अपने सभी कर्मचारियों को सही जानकारी उपलब्ध कराना एवं मतदान दिवस के 13 नवंबर 2024 को परिवार के साथ वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक में उपायुक्त ने बताया कि 13 नवंबर 2024 मतदान तिथि को सभी संस्थाओं में पेड हॉलिडे यानी सवेतन छुट्टियां का प्रावधान है, ताकि समस्त वोटर जन अपने-अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उपायुक्त ने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहां कि जिले में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों से बैठक कर दुकानों में कार्य सभी कर्मियों को छुट्टी दे और अपने कर्मी को अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अर्बन पैथी के तहत नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्र पर जागरूकता अभियान चलाते हुए शत प्रतिशत मतदाताओं का भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं जेएसएलपीएस डीपीएम को समूह से जुड़े शत प्रतिशत दीदीयों का मतदान करने का निर्देश दिया गया।

### 85 से अधिक उम्र व 40% से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा मिलेगी




विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर उपायुक्त अजय कुमार सिंह की दिशा निर्देशन में सुविधा केंद्र मतदान, घर पर मतदान और ईवीएम सीलिंग हेतु नामित कर्मियों को महिला महाविद्यालय सलडेगा में प्रशिक्षण दी गई।इस दौरान होम वोटिंग कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों व पदाधिकारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर पोस्टल बैलेट के द्वारा एवीएससी एवं एवीपीडी वोटर्स के मतदान हेतु गठित प्रखंडवार पोलिंग टीम का प्रशिक्षण मुहैया कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी टीमों को कार्य एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही मतदान कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।

### पेड़ काटने के दौरान डाली गिरने से युवक की मौके पर हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत अरणी पंचायत के सरईपानी गांव में शनिवार को जलावन लकड़ी के लिए पेड़ काटने के दौरान डाले गिरने से माथे में गंभीर चोट लगी और मौके पर प्रमोद लुगुन नामक युवक की मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पिता मनोहर लुगुन ने बताया कि घर में जलावन लकड़ी खत्म हो गई थी इसलिए घर के पास में ही पेड़ को काट रहा था और काटने के दौरान अचानक पेड़ की डाली माथे में गिरी और मौके पर गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई।

